पंचकल्याणक महोत्सव के लिए श्रीफल अर्पित कर किया सानिध्य निवेदन



इन्दौर नेमीनगर जैन कॉलोनी में विराजरत आचार्य सुनील सागर महाराज से गोयलनगर के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रस्तावित पंचकल्याणक महोत्सव के लिए ससंघ सान्निध्य देने का निवेदन जैन समाजजनों ने किया। इस हेतु मंदिर समिति अध्यक्ष दिलीप पाटनी, विधायक महेंद्र हार्डिया और समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नेमीनगर जैन कॉलोनी पहुंचकर आचार्यश्री के चरणों में श्रीफल अर्पित किया। आचार्यश्री ने कहा, ऐसे आयोजन के लिए दूसरों को तैयार करने से पहले स्वयं को तैयार करना जरूरी है। धर्म के प्रति समर्पण और अनुशासन से ही आयोजन सफल होते हैं। इस दौरान गोयलनगर महिला मंडल ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।

सीए फाउंडेशन सितंबर परीक्षा का रिजल्ट कल

इन्दौर गत 2 से 9 सितंबर तक आयोजित चार्टर्ड इंस्टिट्यूट ऑफ अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा सीए फाउंडेशन सितंबर 2026 परीक्षा के रिजल्ट की तारीख घोषित कर दी है। घोषणानुसार रिजल्ट कल 6 सितंबर को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा जिसकी बाद उक्त परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थी 6 नवंबर से अपना परिणाम संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट caresults.icai.org पर देख सकेंगे। साथ ही परीक्षार्थी रिजल्ट जारी होने के बाद रोल नंबर की मदद से स्कोरकार्ड चेक और डाउनलोड भी कर सकेंगे। संस्थान की ओर से परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि रिजल्ट से जुड़ी जानकारी और अपडेट के लिए आईसीएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर लागइन करें।

सूक्ष्म जीवों का भी दीपावली साफ– सफाई दौरान ध्यान रखें



इन्दौर केसरी वाटिका एरोड्रम रोड पर आयोजित धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालु समाजजनों से मुनि डॉ. सिद्धरत्न विजय महाराज ने आव्हान करते अपने प्रवचन में कहा कि दीपावली पर घर की सफाई करते समय बिस्तर, गद्दों और अन्य वस्तुओं में रहने वाले सूक्ष्म जीवों का भी ध्यान रखें। किसी जीव को जानबूझकर कष्ट देना या मनोरंजन के लिए परेशान करना भी हिंसक भाव है। छोटी-छोटी गलतियां भी बड़े कर्मबंध का कारण बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिक्रमण केवल धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि दिनभर में जाने-अनजाने किसी जीव को पहुंचाए कष्ट के लिए सच्चे मन से क्षमा मांगने का भाव है। मिच्छामि दुक्कडम् कहने के साथ भविष्य में गलती नहीं दोहराने का संकल्प भी जरूरी है। इस दौरान मुनिश्री ने कामजीत और प्रीतिमती के पूर्वभव का प्रसंग भी सुना कर्मसिद्धांत समझाया।

ट्रांसपोर्ट डे – सीखने का एक सफर



इन्दौर सिका स्कूल, स्कीम नंबर 78 की 'बालवाटिका' में 'ट्रांसपोर्ट डे'बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। नर्सरी कक्षा के नन्हे बच्चों ने रंग-बिरंगे चित्रों, मजेदार गतिविधियों और बातचीत के जरिए यातायात के विभिन्न साधनों–जमीन, पानी और हवा–के बारे में जाना। इस आयोजन को और भी खास बनाने के लिए, बच्चे यातायात के अलग-अलग साधनों के रूप में तैयार होकर आए, जिससे कक्षाएं मानो जमीन, पानी और हवा के एक जीवंत सफर में बदल गईं। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अलग-अलग वाहनों को पहचाना और हमारे दैनिक जीवन में उनके उपयोग और महत्व के बारे में सीखा।

कार्टून कोना



दो साल पहले हुई योजना खत्म, 10 संविदाकर्मियों अभी भी काम कर ले रहे भुगतान, निगमायुक्त से पूछा नियुक्ति आधार



इन्दौर घपलों घोटालों और लापरवाही का पर्याय बन चुके इन्दौर नगर निगम में अब 2 साल पहले खत्म हो चुकी शासन की योजना के नाम पर कार्यरत बताते अब तक भी 10 कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जा रहा है जिसकी शिकायत नेता प्रतिपक्ष ने निगमायुक्त से की है। मामला राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना का है जिसकी अवधि 30 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुकी है लेकिन इसके तहत नियुक्त 10 संविदाकर्मियों के सेवा अनुबंध जारी है इनमें 5 सिटी मिशन मैनेजर और 5 सामुदायिक संगठक शामिल हैं। निगम नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट भाटिया ने इस पर आपत्ति लेते हुए पूछा है कि किस आदेश या सेवा विस्तार के आधार पर इनकी नियुक्तियां जारी रखी गई हैं और भुगतान किया जा रहा है। वैसे ही निगम की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे में लाखों रुपए क्यों खर्च किए जा रहे हैं। इन 10 कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए सार्वजनिक विज्ञापन भी नहीं जारी किया गया था।ज्ञात हो कि राज्य संचालनालय ने इस प्रोजेक्ट के खत्म होने के बाद राज्य स्तर से इनकी सेवाएं समाप्त करते निगमायुक्त को पत्र लिखकर इन कर्मचारियों को रखने या नहीं रखने को लेकर खुद निर्णय करने के लिए कहा था। जिसपर निगमायुक्त ने कोई निर्णय नहीं लिया। अब निगम नेता प्रतिपक्ष ने इसकी शिकायत करते निगमायुक्त से इन सभी 10 कर्मचारियों के नियुक्ति आदेश और चयन प्रक्रिया की जानकारी सार्वजनिक करने के साथ मुख्य लेखा अधिकारी से वित्तीय परीक्षण और विधि विभाग से लिखित अभिमत लेने की मांग के साथ यह भी बताने की मांग की है कि इस मामले से जुड़े संचालनालय और लोकायुक्त प्रकरणों का निराकरण हुए बिना संविदा नियुक्तियां जारी रखने या अनुबंध बढ़ाने का आधार क्या है?

जर्नलिस्ट निखिल चौहान
इन्दौर द्वारा

श्रमण संस्कृति के महाश्रमण आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज पर जारी होगी स्मारक डाक टिकटों की श्रृंखला



इन्दौर 'इंडिया नहीं-भारत बोलो' के उद्गाता आचार्य श्री विद्यासागर जी के राष्ट्रीय प्रदेय को लक्ष्य में रखकर, अध्यात्मविद्या शिरोमणि आचार्यवर्य 108 श्री समयसागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 श्री अभयसागर जी महाराज के प्रेरणा और आशीर्वाद से गुना ,शिवपुरी, अशोकनगर लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जैन समाज, संगठनों और जनप्रतिनिधियों के निवेदन पर भारत सरकार के डाक विभाग के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के ऊपर 'स्मारक डाक टिकट जारी करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की है। इससे भारत वर्षीय समस्त जैन समाज में अत्यन्त हर्ष व्याप्त हो रहा है।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि डाक टिकट के साथ ही प्रथम दिवस आवरणआचार्यश्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में परिचय देने वाली 'विवरणिका-Brochure तथा विशिष्ट 'मुहर-' भी भारत सरकार के द्वारा जारी होगी। उपर्युक्त विशिष्ट डाक टिकट आदि सामग्री देश-विदेश के समस्त जैन परिवारों तक पहुँचे, उसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो, संग्राहकों एवं गुरु भक्तों को यह सामग्री सहजता से सुलभ हो, इस हेतु व्यापक जनसम्पर्क एवं प्रचार-प्रसार अभियान किया जा रहा है। किसी महान ऐतिहासिक व्यक्तित्व, राष्ट्रीय उत्सव, कला व संस्कृति, वन्य जीव या ऐतिहासिक घटनाओं को स्मृत कर उन्हें चिर-स्थायी बनाने हेतु सामान्य डाक टिकटों की अपेक्षा सुन्दर और कलात्मक दृष्टियों से विभिन्न प्रसंगों को 'मिनिएचर शीट ' में संग्रहित एवं समाहित किया जाता है। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सम्बन्ध में ऐसी ही मिनिएचर शीट जारी किए जाने की अभिलाषा की गई है।

इन डाक टिकट आदि समस्त सामग्रियों का लोकार्पण विद्याकुलशिरोमणि परमाचार्य 108 श्री समयसागर जी महाराज के सरसंघ सान्निध्य में और विद्योदयकारिणी राजधानी भोपाल चातुर्मास समिति - 2026 एवं श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट, भोपाल, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में इसी माह एक गरिमामय समारोह में किया जाना प्रस्तावित है।

अतएव जिन भी व्यक्तियों, समाजों, संस्थाओं, संगठनों एवं फिलेटलिस्टों को परमपूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज विषयक मिनिएचर शीट, डाक टिकट आदि उपर्युक्त सामग्रियाँ प्राप्त करना, संकलित एवं संग्रहीत करना हो वो अतिशीघ्र निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित कर आरक्षित करा सकते हैं। नंबर है

-94253-04611 एवं 97546-95958, इन सम्पर्क सूत्रों तक जानकारी आ जाने पर ही विविध प्रकार की सामग्रियों का आरक्षण हो पाना संभव हो सकेगा।

अंतरा करवड़े सम्मानित



इन्दौर म.प्र. साहित्य सम्मेलन द्वारा अपने वार्षिक आयोजन 'शब्द उत्सव' में इंदौर की साहित्यकार अंतरा करवड़े को कहानी विधा के अंतर्गत प्रतिष्ठित वागीश्वरी पुरस्कार से सम्मानित किया। श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति की प्रबंधकारिणी सदस्य अंतरा करवड़े को यह पुरस्कार आपके कहानी संग्रह 'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियां' पर प्रदान किया गया है। असगर वजाहत और मधु कांकरिया के आतिथ्य में भोपाल में आयोजित इस समारोह में देश भर से साहित्य साधकों ने शिरकत की।

इनकी भी दीवाली बन जाएं



इन्दौर मिट्टी के दीपक और साज-सज्जा की दुकान तो सज गई है, बस अब ग्राहकों का इंतजार है।इन कुम्हारों के हाथों की मेहनत, इनकी मिट्टी की खुशबू और इनके सपनों की रोशनी इन्हीं दीयों में बसती है।इस दीवाली एक दीया मिट्टी का भी जलाइए, ताकि इनकी भी दीवाली बन जाए।

निगमायुक्त जनसुनवाई में आएं 40 आवेदन, समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश



इन्दौर निगमायुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य, रिमूवल, सीवरेज एवं जनकार्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 40 आवेदन प्रस्तुत किए। आयुक्त सिंघल ने नागरिकों की इन समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा जनसुनवाई में उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गुरु राजेन्द्र जन्मभूमि पदयात्रा संघ का भव्य आयोजन,

इंदौर में केसरी वाटिका एयरपोर्ट रोड में चातुर्मासार्थ विराजित परम पूज्य गच्छाधिपति नित्यसेन सूरीश्वर जी महाराज साहब द्वारा संघपति परिवार को मुहूर्त प्रदान किया गया परमोपकारी प्रभु श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी महाराज साहब की जन्म द्विशताब्दी वर्ष की अनुमोदना के पावन अवसर पर गुरु राजेन्द्र जन्मभूमि पदयात्रा संघ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2026 प्रावधिक उत्तर कुंजी जारी हुई....

इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने 01/11/2026 को सम्पन्न हुई सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा-2026 के प्रश्नपत्र की प्रावधिक उत्तर कुंजी दिनांक 02/11/2026 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी है। परीक्षार्थी प्रावधिक उत्तर कुंजी आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर देख सकते है /डाउनलोड कर सकते है। इसके अन्तर्गत यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र की उत्तर कुंजी अथवा इनके प्रश्न उत्तर से सम्बन्धित आपत्ति हो तो परीक्षार्थी अपनी आपत्ति प्रमाणित संदर्भों के साथ संदर्भ ग्रंथों का नाम, पुस्तक के लेखक का नाम, संदर्भ पुस्तक का सम्बन्धित पृष्ठ,प्रकाशन वर्ष, संस्करणदस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।) आनलाइन लिंक पर निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ आयोग की बेवसाइट 222.mppsc.mp.gov.in पर लिंक उपलब्ध होने के दिनांक से निर्धारित समय-अवधि के अन्दर अभ्यर्थी आनलाइन आपत्ति दर्ज करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात उक्त परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों से आपत्तियों के अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे

पांच रुपए में स्थायी बिजली कनेक्शन

इंदौर । किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी बिजली कनेक्शन अब महज पांच रुपए में मिल रहे हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की इस योजना से मालवा-निमाड़ के 12,080 किसान लाभान्वित हो चुके हैं। धार जिले में सबसे ज्यादा 4,429 किसानों को कनेक्शन दिए गए हैं। खास बात यह है कि कनेक्शन के साथ किसानों को सिंचाई के बिजली बिल में शासन की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है।कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर किसानों को बिजली सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

एन डी एल आय के प्रचार-प्रसार हेतु दिया प्रशिक्षण



इंदौर । श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर की लाइब्रेरी टीम द्वारा देवी अहिल्या आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु विशेष प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्री वैष्णव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ लाइब्रेरियन डॉ. संध्या पुरोहित ने किया। उन्होंने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के महत्व एवं शैक्षणिक क्षेत्र में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।प्रशिक्षण के दौरान डॉ. साक्षी मोटवानी ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की सदस्यता प्रक्रिया, डॉ. रश्मि पाठक ने गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करने तथा लाइब्रेरी संयोजक डॉ. अंशु मिश्रा ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया पोर्टल पर कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के पंजीकरण, गतिविधियाँ जनरेट करने और उनके सफल संचालन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।डॉ. संध्या पुरोहित ने आभार व्यक्त किया।

साइबर सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

आईफोन की कहानी से दिया संदेश खुद को अपडेट और अपग्रेड रखें विद्यार्थी



इंदौर। डिजिटल दुनिया में एक छोटी-सी लापरवाही बड़ी परेशानी का सबब बन सकती है। अनजान लिंक, फर्जी पहचान और अचानक मदद मांगने वाले संदेशों से सावधान रहना बेहद जरूरी है। इसी जागरूकता को विद्यार्थियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से अल्हिया पब्लिक स्कूल, चन्दन नगर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता *एडिशनल डीसीपी, क्राइम ब्रांच, इंदौर श्री राजेश दंडोतिया* ने साइबर अपराधियों के तौर-तरीकों और उनसे बचाव के उपायों को बेहद रोचक एवं सरल अंदाज में समझाया। विभिन्न घटनाओं के उदाहरणों और विद्यार्थियों के साथ खुली चर्चा के जरिए उन्होंने डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने की अहमियत बताई।श्री दंडोतिया ने समझाया कि अनजान नंबर से आने वाले किसी भी लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। किसी परिचित के नाम या तस्वीर वाले व्हाट्सएप अकाउंट से अचानक आर्थिक मदद का संदेश आए तो जल्दबाजी में पैसे भेजने के बजाय उस व्यक्ति के पहले से परिचित नंबर पर कॉल कर पुष्टि करनी चाहिए।उन्होंने विद्यार्थियों से इंटरनेट का इस्तेमाल जरूरत के मुताबिक करने तथा सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने की अपील की। अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने, निजी तस्वीरें और लाइव लोकेशन सार्वजनिक रूप से साझा नहीं करने तथा मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह भी दी।बैंकिंग सुरक्षा पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी, ओटीपी और पासवर्ड किसी से साझा न करें। पुलिस कभी फोन पर ओटीपी नहीं मांगती। कार्यशाला के अंत में उन्होंने आईफोन के लगातार नए संस्करण आने का उदाहरण देकर विद्यार्थियों को स्वयं को अपडेट और अपग्रेड करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अपनी पहचान बनाने के लिए ज्ञान, हुनर और तकनीकी समझ को निरंतर बेहतर करना जरूरी है।